डूंगरपुर भास्कर 17-01-2026


तापमान
30.0° अधिकतम 15.0° न्यूनतम
मौसम में ठंडक, रात के तापमान में गिरावट के आसार।

# डूंगरपुर भास्कर

डूंगरपुर • सागवाड़ा • सीमलवाड़ा • बिछीवाड़ा • साबला • आसपुर • गलियाकोट

सोना
24 कैरेट 145000 (बदलाव नहीं) 22 कैरेट 137500 (बदलाव नहीं)
(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी एक्स्ट्रा)
चांदी
270000 (बदलाव नहीं)
(रेट प्रति किलोग्राम में।)

बांसवाड़ा, शनिवार, 17 जनवरी, 2026 माघ, कृष्ण पक्ष-14, 2082


बीएलओ दबाव में गलत दस्तावेजों के आधार पर नाम जोड़ रहे, कांग्रेस समर्थकों के नाम काटे जा रहे... पढ़ें पेज 18

**हर घर नल योजना** • सुंदरपुर में 2021 से टंकी नहीं बनी, 3000 लोग प्रभावित

## काम अधूरा, सरपंच ने ठेकेदार का सामान जब्त किया, कहा- काम पूरा करो, ले जाओ

अमरीश पहाड़ | डूंगरपुर

जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित सुंदरपुर गांव में जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा पड़ा है। हर घर नल योजना के तहत सुंदरपुर पंचायत में वर्ष 2021 में चार करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत हुआ था और ठेकेदार को नौ माह में कार्य पूर्ण करना था। तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक योजना पूरी नहीं हो सकी। इस पर सरपंच ने ठेकेदार के सामान को जब्त कर लिया है।

सरपंच उर्मिला पदमात ने ठेकेदार की लगभग 50 लाख रुपए से अधिक की पेयजल पाइपलाइन सहित अन्य सामग्री जब्त कर ली है। सरपंच ने बताया कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में गांव में भीषण जल संकट उत्पन्न हो जाता है। ऐसे में जल जीवन मिशन ग्रामीणों के लिए वरदान बनकर आई थी। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते यह योजना आज भी अधर में लटकी हुई है। उन्होंने बताया कि पंचायत क्षेत्र के अन्य फलों में पानी की टंकियों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन मुख्य गांव सुंदरपुर में अब तक टंकी का निर्माण नहीं हो पाया है और न ही ठेकेदार की ओर से कार्य में कोई तेजी लाई जा रही है। गांव में पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है और घरों तक कनेक्शन भी दिए जा चुके हैं, लेकिन पानी की टंकी का निर्माण नहीं होने से अब तक जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है।



डूंगरपुर। सरपंच के गोदाम में जब्त सामान।

सरपंच पति शंकरलाल पदमात ने बताया कि तीन साल पहले सोबर कंपनी ने गोदाम के लिए उनका निजी गोदाम मांगा था। गांव का काम होने से उन्होंने बिना किराए उपलब्ध करा दिया। ठेकेदार ने सुंदरपुर के साथ अन्य गांवों की सामग्री भी गोदाम में रख दी। जब सुंदरपुर गांव में कार्य अधूरा रहने के बावजूद सामान हटाने की कोशिश की गई, तो विरोध करते हुए सामान ले जाने से रोक दिया। गांव में करीब 1 करोड़ 10 लाख की लागत से हर घर नल पहुंचाने को लेकर एक कुआं, ट्यूबवैल और एक टंकी के निर्माण के साथ 350 घरों में कनेक्शन देने थे। गांव में दो साल पहले कुंए के साथ टंकी का निर्माण भी शुरू हुआ था फिर एक साल बाद काम बंद कर दिया गया। इससे कुल लगभग 3 हजार लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### लेबर नहीं, इसलिए रुका

*अधीक्षण अभियंता गोपीचंद वर्मा का कहना है, ठेकेदार के पास लेबर नहीं होने से काम रुका, फरवरी में शुरू करा देंगे।*

### भुगतान नहीं, तो रोका

*ठेकेदार संजय मिश्रा का कहना है कि कई बिलों का भुगतान बाकी है, भुगतान नहीं होने के कारण काम बंद कर रखा है।*



अधूरा पड़ा टंकी का काम।



अधूरे कनेक्शन दिखाते हुए।

### दैनिक भास्कर में पढ़ें



जज के बंगले में जले नोट: ...

-पढ़िए फ्रंट पेज

अल्कारेज और स्वातेक का फोकस 'करियर स्लैम' पर

-पढ़िए स्पोर्ट्स पेज

**न्यूज ब्रीफ**

### आचार्य पुलक सागर का ओबरी में मंगल प्रवेश आज

ओबरी | राष्ट्रसंत आचार्य पुलक सागर महाराज का शनिवार सुबह आंतरी से विहार कर ओबरी में मंगल प्रवेश होगा। मुख्य मार्गों को स्वागत द्वारों और बैनरों से सजाया गया है। जैन समाज के अध्यक्ष अशोक गोदावत ने बताया कि 18 से 22 जनवरी तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदान में ज्ञान गंगा महोत्सव होगा।

कल से हर रविवार पढ़िए

### वागड़ वाणी

कल से हर रविवार भास्कर में पढ़िए खास कॉलम- वागड़ वाणी। इसमें होंगी वागड़ के वैभव, समृद्ध इतिहास, लोकरंग, संस्कृति-परम्परा, यहां के लोगों और उनकी जरूरतों से जुड़ी बातें।

**कटाक्ष**




सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बाद भी रोकथाम की कार्रवाई नहीं

## 15 दिन में 46 लोगों पर कुत्तों का हमला, घायलों में 30 छोटे बच्चे हैं

डूंगरपुर | जिले में छोटे बच्चों पर डॉग बाइट के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जनवरी में 15 दिन में ही जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डॉग बाइट के 46 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें सबसे अधिक संख्या छोटे बच्चों की है।

सड़क पर घूमने वाले लावारिस कुत्ते बच्चों को अपना शिकार बना रहे हैं। इनमें 30 से अधिक बच्चे शामिल हैं, जो पांच वर्ष से कम उम्र के हैं। बीते चार महीनों में जिले में डॉग बाइट के कुल 63 मामले दर्ज किए गए थे, लेकिन जनवरी के आधे महीने में ही 40 से अधिक नए मामले सामने आने से बच्चों और उनके परिजनों की चिंता बढ़ गई है।

कुत्तों के हमलों का आलम यह है कि 13 जनवरी को गामड़ी आहड़ा गांव में एक मानसिक रूप से बीमार महिला पर कुत्तों ने हमला कर दिया। हमले में महिला के दोनों पैरों को कुत्तों ने बुरी तरह नोच लिया। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उसे बचाया और अस्पताल पहुंचाया। इसी तरह 25 दिसंबर को आसेला में आंगन में खेल रहे तीन वर्षीय मासूम मुकेश कटारा पर कुत्ते ने हमला किया।



अस्पताल में भर्ती कुत्ते के काटने से घायल महिला।

**भास्कर एक्सपर्ट** डॉ. शांतुनु, पशु चिकित्सक

### सर्दी में बढ़ती है कुत्तों के हमले की घटनाएं

पशु चिकित्सक डॉ. शांतुनु ने बताया कि सर्दी के मौसम में गली-सड़कों पर घूमने वाले कुत्तों को पर्याप्त भोजन नहीं मिलने से उनमें संक्रमण और खुजली की समस्या बढ़ जाती है, जिससे वे आक्रामक हो जाते हैं। जिससे ये किसी पर भी हमला कर देते हैं। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए पंचायत और परिषद स्तर पर इनकी नियमित मॉनिटरिंग करना बहुत आवश्यक होता है। दूसरी ओर कुत्तों पर रोकथाम के लिए सुप्रीम कोर्ट ने भी सख्त निर्देश दिए हैं।

## एथलेटिक्स में राष्ट्रीय स्तर पर दो बेटियों का चयन हुआ

डूंगरपुर | जिले के तपस मानसिक विमंदित आवासीय विद्यालय की दो मानसिक दिव्यांग बालिकाओं का खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। विद्यालय की राधिका पाटीदार और करिश्मा रोत का नेशनल के लिए प्रदेश की टीम में चयन हुआ है। ये दोनों बेटियां 2 से 7 फरवरी तक नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्पेशल ओलंपिक भारत व स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक हरियाणा में प्रशिक्षण में भाग लेगी। स्कूल की राधिका पाटीदार 50 मीटर रेस व 100 मीटर रेस में और करिश्मा रोत 100 मीटर रेस व मिनी जेवेलिन में भाग लेगी।



### सभी स्कूलों में हाइजीन मॉनिटर बनाए जाएंगे

डूंगरपुर | अब जिले सहित प्रदेश के स्कूलों में स्वच्छता व स्वास्थ्य की देखरेख के लिए एक-एक मॉनिटर नियुक्त किया जाएगा। गुरुवार को राज्य परियोजना निदेशक व आयुक्त अनुपमा जोरवाल ने सरकारी स्कूलों में हाइजीन मॉनिटर नियुक्त करने के निर्देश जारी किए हैं। इसका उद्देश्य है कि स्कूलों में स्वच्छता, स्वास्थ्य व हाइजीन संबंधी गतिविधियों का प्रभावी संचालन हो।

**भास्कर खास** वागड़ के 200 केंद्रों से रोज उदयपुर प्लांट में सप्लाई होता है दूध

## सरस डेयरी ने अचानक 1589 पशुपालकों से दूध लेना बंद किया, हर रोज 30 हजार लीटर दूध हो रहा खराब

बांसवाड़ा | बांसवाड़ा-डूंगरपुर के 1589 पशुपालक दो दिन से परेशान हैं। उदयपुर दुग्ध उत्पादक संघ से दोनों जिलों के पशुपालकों का दूध खरीदने से इनकार कर दिया है। समस्या के समाधान को लेकर शुक्रवार दोपहर दोनों जिलों के अनेक किसान बांसवाड़ा पहुंचे। यहां बांसवाड़ा दुग्ध उत्पादक संघ प्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। इस मौके पर किसानों ने बताया कि दोनों ही जिलों से प्रतिदिन तकरीबन 30 हजार लीटर दूध उदयपुर भेजा जाता है लेकिन उदयपुर प्लांट की ओर से एकाएक 14 जनवरी से दूध लेना बंद कर दिया गया। इससे प्रतिदिन दूध खराब हो रहा है। इस पर प्रबंधक ने दो -तीन दिन में समस्या समाधान का आश्वासन दिया। तकरीबन साढ़े तीन घंटे तक चली चर्चा में पशुपालकों और संघ पदाधिकारियों के बीच समझाइश का दौर चलता रहा। दोपहर साढ़े तीन बजे पहुंचे पशुपालक तकरीबन सात बजे रवाना हुए। इस मौके पर रूपलाल, नवीन पाटीदार, गोपद, रणछोड़, हितेश पटेल, अमरजी मौजूद रहे।

### दोहरी मार : दूध बिक नहीं रहा, अनुदान नहीं



दुग्ध उत्पादक संघ प्रबंधक से चर्चा करते किसान।

पशुपालकों से एकाएक दूध लेना बंद करने से इन पर दोहरी मार पड़ रही है। एक तो दूध की बिक्री का नुकसान हो रहा है, दूसरे प्रति लीटर बिक्री पर सरकार से मिलने वाले 5 रुपए के अनुदान का नुकसान भी इन्हें उठाना पड़ रहा है। सलोही के पशुपालक दिनेश ने बताया कि सरस हमेशा से ही पशुपालकों से दोहरा व्यवहार करती है।

### आवक बढ़ने से दिक्कत

*प्लांट में आवक बढ़ने से दूध के टैंकर समय पर खाली नहीं हो सके। इससे दूध में खटास बढ़ गई। दूध का नुकसान न हो इसलिए दूध की सप्लाई बंद कर दी गई है। एक दो दिन में दिन में समस्या का समाधान निकाला जाएगा। यह आरसीडीएफ निर्णय करेगी कि दूध उदयपुर प्लांट भेजना है या भीलवाड़ा।*

– राजकुमार शर्मा, प्रबंधक, बांसवाड़ा दुग्ध उत्पादक संघ


